# सराहनीय कार्य दिनांक 22-04-2026 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।

## अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त जर्मन को 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त 01 लोहे का सब्बल (आलाकत्ल) सहित पुलिस मुठभेड में किया गया गिरफ्तार ।

- अभियुक्त जर्मन के पैर में गोली लगने से हुआ घायल ।
- घायल अभियुक्त को उपचार हेतु भेजा गया जिला अस्पताल ।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त जर्मन सिंह पुत्र सुघर सिंह निवासी बढाईपुरा थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद को नगला जवाहर नहर की पुलिया से पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त 01 लोहे का सब्बल (आलाकत्ल) सहित गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त उपरोक्त जर्मन के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण -** वादी द्वारा थाना शिकोहाबाद पर लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 19/20-04-2026 की रात्रि में नगला सुंदर थाना शिकोहाबाद में खेत पर बने अपने मकान पर सो रहे मेरे पिता सुघर सिंह उम्र करीब 80 वर्ष पुत्र लटूरी सिंह की हत्या सिर पर किसी ठोस वस्तु से प्रहार कर, कर दी हैं । जिसके सम्बंध में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 296/2026 धारा 103(1) बीएनएस थाना शिकोहाबाद बनाम जर्मन पंजीकृत किया गया था । उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । आज दिनांक 22-04-2026 को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि नगला सुंदर में अपने पिता की हत्या करने वाला अभियुक्त जर्मन नगला जवाहर की पुलिया की तरफ बंबे की पटरी पर छिपे-छिपाये घूम रहा है । सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा नगला जवाहर की पुलिया से बंबे की पटरी पर घेराबंदी की गयी । इसी दौरान पुलिस टीम को सामने से आ रहा 01 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया । संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम को देखते ही जान से मारने की नीयत से फायर किया गया । आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया । घायल अभियुक्त की पहचान जर्मन सिंह पुत्र सुघर सिंह निवासी बढाईपुरा थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है । अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त 01 लोहे का सब्बल (आलाकत्ल) बरामद हुए है । घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है ।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त–**

1. जर्मन सिंह पुत्र सुघर सिंह निवासी बढाईपुरा थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद ।

**अभियुक्त आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 296/26 धारा 103(1) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 01 तमंचा 315 बोर।
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
4. 01 लोहे का सब्बल (आलाकत्ल)।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 मनमोहन शर्मा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 रोहित कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. उ०नि0 ऋषभ थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0का0 101 उदयप्रताप सिंह थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0का0 210 रामकिशोर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
7. हे0का0 346 दिलीप कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
8. हे0का0 अनिल गुप्ता सर्विलांस जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 भूपेद्र सर्विलांस जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 1445 अभिषेक कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 572 भवतोष कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
12. का0 553 राजीव भाटी थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
13. चालक हे0का0 838 अरविन्द कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।